ऋण के प्रवाह में विशिष्ट और महत्वपूर्ण सुधार करने की दृष्टि से, बैंकों से विशेष ऋण योजनाएं तैयार करने के लिए आग्रह किया गया है। बैंकों को यह भी सलाह दी गई है कि वे उन क्षेत्रों और गतिविधियों का पता लगाएं, जिन पर वे सुविधापूर्वक ध्यान केन्द्रित कर सकते है तथा तदनुसार अपनी कार्ययोजनाएं तैयार करें। कृषि उत्पादन के वास्ते समय पर और पर्याप्त ऋण के लिए जो किसान कतिपय मानदंडों को पूरा करते हैं, उन्हें उनकी मिश्रित ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु नकद ऋण सुविधा के रूप में लचीली ऋण सहायता प्रदान की जाती है। यह सुविधा उन किसानों को उपलब्ध है जिनके पास सिंचाई की सुविधा है तथा उनको भी दी जाती है जिनके पास ऐसी सुविधा नहीं है लेकिन जो फसल उगाने के साथ-साथ डेरी, मुर्गी-पालन आदि और/या अन्य कृषितर कार्य जैसे सम्बद्ध कार्य करते हैं और जिनका बैंक/ऋणकर्ता खाते का रिकार्ड संतोषजनक है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी वाणिज्यिक बैंकों से कहा है कि वे मछली-पालन, पुष्पोत्पादन, टिश्यू कल्चर, बायोटेक्नोलाजी आदि जैसे उच्च प्रौद्योगिकी के कार्यों का वित्तपोषण करें।

बिहार में दूरदर्शन प्रसारण केन्द्र

190. **श्री रामदेव भंडारी:** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिहार में दूरदर्शन प्रसारण केन्द्रों की संख्या कितनी है और इनसे संबंधित स्थानों के नाम क्या हैं;

(ख) बिहार में प्रस्तावित दूरदर्शन प्रसारण केन्द्रों के स्थानों का ब्यौरा क्या है और उनसे प्रसारण कब तक आरंभ होने की संभावना है; और

(ग) क्या इन प्रसारण केन्द्रों द्वारा उपलब्ध करायी जा रही सेवायें संतोषजनक है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री पी॰एम॰ सईद): (क) बिहार में विवरण I में दिए गए स्थानों पर भिन्न-भिन्न शक्तियों के 39 ट्रांसमीटर कार्यरत है **(नीचे देखिये)**।

(ख) राज्य मे विवरण II में दिए गए स्थानों पर भिन्न-भिन्न शक्तियों के 22 और ट्रांसमीटर कार्यान्वयनाधीन/स्थापित किए जाने का विचार है। **(नीचे देखिए)**। क्षमता/शक्ति पर निर्भर करते हुए एक ट्रांसमीटर योजना के कार्यान्वयन में लगने वाला सामान्य समय लगभग 1 से 3 वर्ष तक होगा।

(ग) जी, हां।

विवरण I

23.11.95 की स्थिति के अनुसार बिहार में मौजूदा ट्रांसमीटर नेटवर्क

उच्च शक्ति ट्रांसमीटर	अल्प शक्ति ट्रांसमीटर	ट्रांसपोजर
डाल्टनगंज	औरंगाबाद	रामगढ़ हिल
कटिहार	बेगूसराय	
मुजफ्फरपुर	बेतिया	
पटना	भागलपुर	
रांची	बोकारो	
	बक्सर	
	चाईबासा	
	दरभंगा	
	देवधर	
	धनबाद	
	दुमका	
	फारबिसगंज	
	गया	
	घाटशिला	
	गिरिडीह	
	गोड्डा	

उच्च शक्ति ट्रांसमीटर	अल्प शक्ति ट्रांसमीटर	ट्रांसपोजर
	गोपालगंज	
	गुमला	
	हजारीबाग	
	जमशेदपुर	
	जमई	
	खरगडिया	
	लोहारगंज	
	मधेपुरा	
	मधुबनी	
	मोतिहारी	
	मुंगेर	
	नवादा	
	रक्सौल	
	सहरसा	
	सासाराम	
	सीतामढ़ी	
	सीवान	

विवरण II

कार्यान्वयनाधीन/स्थापित किए जाने के लिए परिकल्पित ट्रांसमीटर

(23.11.1995 की स्थिति के अनुसार)

उच्च शक्ति ट्रांसमीटर	अल्प शक्ति ट्रांसमीटर	अति अल्प शक्ति ट्रां०
मोतिहारी	सुपौल	सिमदेगा
जमशेदपुर	नौआमुण्डी	गढ़वा
देवघर	कोडरमा	
	फूलपारस	
	सराइकेला	
	पटना (डीडी-II)	
	शेखपुरा	
	लखीसराय	
	रायनगर	
	चतरा	
	दाउदनगर	
	सिमरी बख्तियारपुर	
	मुशाबानी	
	बरहरवा	
	रिकन्दरा	
	कस्बा	
	रोसेरा	